भारतीय जनता पार्टी

(केंद्रीय कार्यालय)

6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

Thursday, 04 October 2018

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह द्वारा बीकानेर, राजस्थान में आयोजित संभाग स्तरीय अनुसूचित जाति सम्मेलन में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश के 50 करोड़ गरीबों के उत्थान के लिए जो प्रयास पिछले साढ़े चार सालों में किया है, उसे कांग्रेस70 सालों में कभी भी पूरा नहीं कर सकी

****

मोदी सरकार का रास्ता गरीब कल्याण का है जिसका एक ही मंत्र है 'सबका साथ, सबका विकास' के आधार पर समाज के सभी वर्गों का विकास करना

****

आजादी के बाद से ही बाबा साहब को उनके विराट व्यक्तित्व के अनुरूप कभी स्थान नहीं दिया गया बल्कि कांग्रेस पार्टी द्वारा उन्हें कमतर आंकने के निरंतर षड्यंत्र होते रहे

****

देश में पहली बार प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के रूप में देश को एक ऐसा सच्चा सेवक मिला है जिसके नेतृत्व में बाबा साहब के सपनें ईमानदारी से धरातल पर साकार होते दिख रहे हैं। अब दलित समाज सक्षम, शिक्षित और प्रगतिशील दिशा में सशक्त रूप में आगे बढ़ रहा है

****

बड़ी हैरत की बात है कि कांग्रेस पार्टी जिन बाबा साहब और दलितों के नाम पर अपनी राजनीतिक रोटियाँ सेंकने की कोशिश करती रही, उसने धरातल पर न तो बाबा साहब को सम्मान दिया और न ही दलित समाज को

****

राहुल गाँधी बताइये कि आजादी के तुरंत बाद बाबा साहब को संसद में आने से किसने रोका, जब तक केंद्र में कांग्रेस की सरकार रही, बाबा साहब को भारत रत्न क्यों नहीं दिया गया और बाबा साहब से जुड़े पंचतीर्थों का पुनरुद्धार कांग्रेस ने क्यों नहीं किया?

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी और केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार बाबा साहब के संघर्षों, त्याग और बलिदान की गाथा को जन जन तक पहुंचाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही हैं। बाबा साहब की स्मृति में पंचतीर्थ का निर्माण किया जा रहा है

****

नई दिल्ली के जनपथ में हमने बाबा साहब को समर्पित अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर का निर्माण किया जहां हमने हाल ही में पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक करके बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित की

****

यह प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी हैं जिन्होंने संसद का विशेष सत्र बुलाकर बाबा साहब की जयंती मनाई और उन्हें समग्र राष्ट्र की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित की

****

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने लाल किले की प्राचीर से हर बैंक से दलितों एवं आदिवासियों को स्वरोजगार के लिए मुद्रा बैंक योजना के तहत लोन देने का आग्रह किया जिसका परिणाम यह रहा कि मुद्रा बैंक योजना में 30% से अधिक लाभार्थी दलित और आदिवासी युवा हैं

****

देश के सभी बड़े दलित आबादी वाले गाँव में साथ लोक-कल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाने का काम पूरा कर लिया गया है।आगामी लोक सभा चुनाव से पहले-पहले तक देश के एक लाख गाँवों में सात जनोपयोगी योजनाओं को शत प्रतिशत पहुंचाने का काम पूरा कर लिया जाएगा

****

'आयुष्मान भारत' योजना के तहत देश के 10 करोड़ गरीब परिवारों को अर्थात् 50 करोड़ से अधिक लोगों को पांच लाख रुपये प्रतिवर्ष तक की मुफ्त बीमा प्रदान की जायेगी जिसका फायदा सबसे अधिक गरीब, दलित और पिछड़ों को ही मिलेगा

****

केंद्र में 10 सालों तक सोनिया-मनमोहन की कांग्रेस सरकार चली लेकिन दलित समाज के विकास के लिए बजट में कोई बढ़ोत्तरी नहीं की गई। मोदी सरकार ने आते ही एक ही साल में इसमें लगभग 12% और पांच सालों में लगभग 37% की बढोत्तरी की

****

वसुंधरा सरकार के दौरान राजस्थान में दलितों के ऊपर होने वाले अत्याचार के आंकड़े में पिछली कांग्रेस सरकार की तुलना में लगभग 11% की कमी दर्ज की गई है। वसुंधरा सरकार ने दलित भाइयों के लिए अनुसूचित जाति विकास सहकारी निगम के दो लाख रुपये तक के लोन माफ़ कर दिए हैं

****

हम अवैध घुसपैठियों को देश से बाहर करने के लिए एनआरसी लेकर आये हैं लेकिन कांग्रेस इसमें रुकावटें पैदा कर रही है

****

पांच राज्यों में विधान सभा चुनाव के पहले राहुल गाँधी अवैध घुसपैठियों पर अपना रुख स्पष्ट करें। लेकिन हमें मालूम है कि राहुल गाँधी ऐसा नहीं करेंगे क्योंकि उन्हें अपने वोट बैंक की चिंता है जबकि हमारे लिए देश की सुरक्षा मायने रखती है, वोट बैंक नहीं

****

किसानों की समस्याओं के प्रति सतत संवेदनशील प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने खरीफ के साथ-साथ रबी फसलों के समर्थन मूल्य को लागत मूल्य का डेढ़ गुना करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है जिसकी कांग्रेस कल्पना भी नहीं कर सकती

****

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह ने आज मेडिकल कॉलेज ग्राउंड, बीकानेर में संभाग स्तरीय अनुसूचित जाति सम्मेलन को संबोधित किया और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार द्वारा अनुसूचित जाति, पिछड़ों, आदिवासी एवं किसानों के कल्याण के लिए किये गए कार्यों पर विस्तार से चर्चा करते हुए कांग्रेस पर इन वर्गों की अनदेखी का आरोप लगते हुए करारा प्रहार किया। केंद्र की श्री नरेन्द्र मोदी सरकार और राजस्थान की वसुंधरा सरकार द्वारा गरीबों, पिछड़ों एवं दलितों के लिए किये गए कार्य पर चर्चा करते हुए भारतीय जनता पार्टी को एक बार पुनः पूर्ण बहुमत के साथ जनादेश देने की अपील की।

श्री शाह ने आज प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार द्वारा पेट्रोल और डीजल के दामों में 2.5 रुपए कम करने के लोक-कल्याणकारी निर्णय का स्वागत करते हुए प्रधानमंत्री जी एवं वित्त मंत्री श्री अरुण जेटली जी के प्रति हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि **मैं भारतीय जनता पार्टी की ओर से इस फैसले का स्वागत करता हूँ और देश की जनता एवं पार्टी के करोड़ों कार्यकर्ताओं की ओर से आम जनता को राहत देने वाले इस संवेदनशील निर्णय के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को बधाई देता हूँ।** उन्होंने कहा कि **भारतीय जनता पार्टी की सभी राज्य सरकारों ने भी वैट में ढाई रुपये तक**

की कटौती करने का निर्णय लिया है जो यह दर्शाता है कि वे आम जनता को राहत देने की हर मुमकिन कोशिश के लिए सदैव तत्पर हैं।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि **2014 के लोक सभा चुनावों के बाद संसद के केन्द्रीय सभागार में अपने पहले ही उद्बोधन में श्री नरेन्द्र भाई मोदी जी ने यह स्पष्ट रूप से कहा था कि केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार गाँव, गरीब, किसान, दलित, पिछड़े, आदिवासी, युवाएवं महिलाओं की सरकार होगी और पिछले साढ़े चार सालों में उन्होंने यह चरितार्थ करके दिखाया है।** उन्होंने कहा कि **मोदी सरकार का रास्ता गरीब कल्याण का है जिसका एक ही मंत्र है 'सबका साथ, सबका विकास' के आधार पर समाज के सभी वर्गों का विकास करना।**

श्री शाह ने कहा कि **आजादी के बाद से ही बाबा साहब को उनके विराट व्यक्तित्व के अनुरूप कभी स्थान नहीं दिया गया बल्कि कांग्रेस पार्टी द्वारा उन्हें कमतर आंकने के निरंतर षड्यंत्र होते रहे।** उन्होंने कहा कि **देश में पहली बार प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के रूप में देश को एक ऐसा सच्चा सेवक मिला है जिसके नेतृत्व में बाबा साहब के सपनें ईमानदारी से धरातल पर साकार होते दिख रहे हैं। अब दलित समाज सक्षम, शिक्षित और प्रगतिशील दिशा में सशक्त रूप में आगे बढ़ रहा है।**

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि **बड़ी हैरत की बात है कि कांग्रेस पार्टी जिन बाबा साहब और दलितों के नाम पर अपनी राजनीतिक रोटियाँ सेंकने की कोशिश करती रही, उसने धरातल पर न तो बाबा साहब को सम्मान दिया और न ही दलित समाज को।** उन्होंने कहा कि **70 साल बाद कांग्रेस को अंबेडकर याद आ रहे हैं लेकिन ऐसे अनेक बड़े सवाल हैं जो कांग्रेस की बाबा साहब की अनदेखी को इंगित करते हैं।** उन्होंने प्रश्न पूछते हुए कहा कि **राहुल गाँधी बताइये कि आजादी के तुरंत बाद बाबा साहब को संसद में आने से किसने रोका, बाबासाहब को उप-चुनाव लड़ने से किसने रोका, जब तक केंद्र में कांग्रेस की सरकार रही, बाबा साहब को भारत रत्न क्यों नहीं दिया गया, बाबा साहब का तैल चित्र संसद में क्यों नहीं लगने दिया और बाबा साहब से जुड़े पंचतीर्थों का पुनरुद्धार कांग्रेस ने क्यों नहीं किया?**

श्री शाह ने कहा कि **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी और केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार बाबा साहब के संघर्षों, त्याग और बलिदान की गाथा को जन जन तक पहुंचाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही हैं।** उन्होंने कहा कि **बाबा साहब की स्मृति में पंचतीर्थ का निर्माण किया जा रहा है।** इनमें से पहला तीर्थ उनकी जन्मभूमि मऊ (मध्य प्रदेश) में बनाया जा रहा है, दूसरा लंदन में बनाया जा रहा है, जहां बाबा साहब ने वकालत की पढ़ाई की। तीसरा तीर्थ दीक्षाभूमि के नाम से नागपुर में बनाया गया है। चौथा तीर्थ बाबा साहब की महापरिनिर्वाण स्थल के रूप में दिल्ली में उनको समर्पित है, बाबा साहब की स्मृति में पांचवा तीर्थ मुंबई में चैतन्य भूमि के नाम से बनाया जा रहा है जबकि इन पुण्य स्मृतियों पर बहुत पहले ही कार्य हो जाना चाहिये था। उन्होंने कहा कि **नई दिल्ली के जनपथ में हमने बाबा साहब को समर्पित अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर का निर्माण किया जहां हमने हाल ही में पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक करके बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित की।** उन्होंने कहा कि **बाबा साहब को भारत रत्न सम्मान तब दिया गया जब केंद्र से कांग्रेस सरकार की विदाई हुई। जब केंद्र में श्रद्धेय अटल जी के नेतृत्व में भाजपा-नीत एनडीए की सरकार आई, तब जाकर संसद में बाबा साहब का तैल चित्र लग पाया।** उन्होंने कहा कि जब मोदी जी गुजरात के मुख्यमंत्री थे, तब बड़ौदा में बाबा साहब के स्मारक का निर्माण किया गया। उन्होंने कहा कि **यह प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी हैं जिन्होंने संसद का विशेष सत्र बुलाकर बाबा साहब की जयंती मनाई और उन्हें समग्र राष्ट्र की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित की। यह श्री मोदी जी हैं जिन्होंने रिजर्व बैंक से बाबा साहब की याद में सिक्का की शुरुआत की।**

कांग्रेस अध्यक्ष पर करारा प्रहार करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि **आजादी के 70 साल बाद आपको दलित हित की याद आई है, जबआप सत्ता में थे तब आपने क्या किया?**

श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने लाल किले की प्राचीर से हर बैंक से दलितों एवं आदिवासियों को स्वरोजगार के लिए मुद्रा बैंक योजना के तहत लोन देने का आग्रह किया जिसका परिणाम यह रहा कि **मुद्रा बैंक योजना में 30% से अधिक लाभार्थी दलित और आदिवासी युवा हैं।** उन्होंने कहा कि **प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना का सबसे अधिक लाभ देश के अनुसूचित समाज को ही मिला है।** उन्होंने कहा कि स्वच्छता अभियान के तहत साढ़े सात करोड़ शौचालय का निर्माण किया गया, गरीबों के लिए दो करोड़ घरों का निर्माण किया गया, दो करोड़ घरों में बिजली पहुंचाई गई और बिजली से वंचित 17 हजार से अधिक गाँवों में बिजली पहुंचाई गई। उन्होंने कहा कि **देश के सभी बड़े दलित आबादी वाले गाँव में साथ लोक-कल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाने का काम पूरा कर लिया गया है। आगामी लोक सभा चुनाव से पहले-पहले तक देश के एक लाख गाँवों में सात जनोपयोगी योजनाओं को शत प्रतिशत पहुंचाने का काम पूरा कर लिया जाएगा।** उन्होंने कहा कि अब प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी देशवासियों के स्वास्थ्य की चिंता को ध्यान में रखते हुए **'आयुष्मान भारत' योजना लेकर आये हैं जिसके तहत देश के 10 करोड़ गरीब परिवारों को अर्थात् 50 करोड़ से अधिक लोगों को पांच लाख रुपये प्रतिवर्ष तक की मुफ्त बीमा प्रदान की जायेगी।** उन्होंने कहा कि केंद्र की

भारतीय जनता पार्टी सरकार ने देश के हर वर्ग और हर क्षेत्र के विकास के लिए काम किया है, आगे भी इसी तरह से देश के विकास के लिए काम करते रहेंगे।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि **केंद्र में 10 सालों तक सोनिया-मनमोहन की कांग्रेस सरकार चली लेकिन दलित समाज के विकास के लिए बजट में कोई बढ़ोत्तरी नहीं की गई। मोदी सरकार ने आते ही एक ही साल में इसमें लगभग 12% और पांच सालों में लगभग 37% कीबढोत्तरी की।** इतना ही नहीं, दलित छात्रों के प्री मैट्रिक आर्थिक मदद में भी वृद्धि करते हुए रकम की अदायगी की गई है।

श्री शाह ने कहा कि **वसुंधरा सरकार के दौरान राजस्थान में दलितों के ऊपर होने वाले अत्याचार के आंकड़े में काफी कमी आई है।**उन्होंने कहा कि **पिछली कांग्रेस सरकार की तुलना में भाजपा की वसुंधरा सरकार में इसमें लगभग 11% की कमी दर्ज की गई है।** इतना ही नहीं, **वसुंधरा सरकार ने दलित भाइयों के लिए अनुसूचित जाति विकास सहकारी निगम के दो लाख रुपये तक के लोन माफ़ कर दिए हैं।** साथ ही, राज्य की सभी नगरपालिकाओं में एक-एक अंबेडकर भवन के लिए 80 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किया गया है।

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि **हम अवैध घुसपैठियों को देश से बाहर करने के लिए एनआरसी लेकर आये हैं लेकिन कांग्रेस इसमें रुकावटें पैदा कर रही है।** उन्होंने कहा कि **मोदी सरकार एक-एक घुसपैठिये को चिह्नित कर मतदाता सूची से बाहर करने का काम करेगी।** उन्होंने कहा कि **पांच राज्यों में विधान सभा चुनाव के पहले राहुल गाँधी अवैध घुसपैठियों पर अपना रुख स्पष्ट करें। लेकिन हमें मालूम है कि राहुल गाँधी ऐसा नहीं करेंगे क्योंकि उन्हें अपने वोट बैंक की चिंता है जबकि हमारे लिए देश की सुरक्षा मायने रखती है, वोट बैंक नहीं।**उन्होंने कहा कि **2019 में फिर से मोदी सरकार बनने पर एक एक घुसपैठिये को चिह्नित कर बाहर निकाला जाएगा।** उन्होंने कहा कि **मोदी सरकार सिटिजन बिल लेकर आई है जिसके तहत पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आये हुए प्रताड़ित हिंदू, बौद्ध, सिख एवं जैन शरणार्थियों को भारत में जगह दी जायेगी एवं उन्हें भारत की नागरिकता प्रदान की जायेगी।** उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि राहुल गाँधी को घुसपैठियों और शरणार्थियों के बीच का अंतर नहीं मालूम।

श्री शाह ने कहा कि **प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश के 50 करोड़ गरीबों के उत्थान के लिए जो प्रयास पिछले साढ़े चार सालों में किया है, उसे कांग्रेस 70 सालों में कभी भी पूरा नहीं कर सकी।** उन्होंने कहा कि आजादी के 70 सालों तक देश के किसान फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की माग कर रहे थे लेकिन कांग्रेस की सरकारों ने कुछ भी नहीं किया। उन्होंने कहा कि **किसानों की समस्याओं के प्रति सतत संवेदनशील प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने खरीफ के साथ-साथ रबी फसलों के समर्थन मूल्य को लागत मूल्य का डेढ़ गुना करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है जिसकी कांग्रेस कल्पना भी नहीं कर सकती।**

इस सम्मेलन में प्रसिद्ध गुरु स्वामी महेश्वरानंद जी की भी पावन उपस्थिति रही। श्री शाह ने स्वामी जी के चरणों में प्रणाम करते हुए कहा कि स्वामी जी ने विश्व के 50 से ज्यादा देशों में भारतीय संस्कृति के लिए जो कार्य किया है, वह हम सब के लिए अनुकरणीय है।